हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 10 .5 डिग्री
न्यूनतम 7 .2 डिग्री

12 ट्रक चालकों की हड़ताल से बिगड़े हालात



12 किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध



## खबर संक्षेप

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकरों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अर्थॉरिटी में बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक़ मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है । मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

- आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर





यमुनानगर। मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरन जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव का सहारा लेकर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छंट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ । मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बूरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

- सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन .यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया। मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।



यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य व सु धै व कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

- सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धो खा ध ड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैन शीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

- खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।

**नए कानून का विरोध** | हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर

# ट्रक चालकों की हड़ताल का जरूरी चीजों की कीमतों पर होगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों की हड़ताल का पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी चीजों पर असर होगा। यदि ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल जारी रही तो संकट बढ़ सकता है। इस हड़ताल का असर आने वाले दिनों में रसोई गैस, दूध, सब्जी और फलों की कीमत पर देखने को मिल सकता है। डिस्ट्रिक्ट कुरुक्षेत्र पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेश गुप्ता का कहना है कि अभी पंप पर पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में है। वही गोयल गैस एजेंसी के संचालक कुलदीप का कहना है कि गैस सिलेंडर का गोदाम में स्टॉक पूरा है। यदि हड़ताल लंबी हुई तो इसका असर देखने को मिल सकता है। बतां दे कि हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए है। इस कानून में सड़क दुर्घटना के मामले में 10 साल तक की जेल व सात लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। ट्रक चालकों का कहना है कि ट्रक से दुर्घटना होने पर आम लोग ट्रक चालकों को घेरकर पीटने की प्रवृत्ति आम है। ऐसे में घायल को अस्पताल पहुंचाना उनके लिए संभव नही है।

उन्होंने नए कानून के तहत ड्राइवरों के लिए सजा के प्रावधान को गलत करार दिया है। ट्रक ड्राइवरो का कहना है कि उन्हें 10 से 15 हजार रुपये ही वेतन मिलता है। ऐसे में 10 लाख रुपये जुर्माना भरना उनके लिए संभव नही होगा। इसलिए इस कड़े कानून के तहत ट्रक ड्राइवरों को 5 से 7 साल तक की सजा व 10 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान सही नही है।

- कानून में सड़क दुर्घटना के मामले में 10 साल तक की जेल व सात लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान



### क्या है हिट एंड रन कानून

नए कानून के तहत किसी भी वाहन चालक से जब किसी व्यक्ति को चोट लग जाती है, तो उस व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में न पहुंचाए जाने का दोषी पा जाने पर 10 लाख रुपये तक जुर्माना और अधिकतम सात साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

### ट्रकों की हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी।

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ रोडवेज कर्मचारी आज करेंगे धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रोडवेज कर्मचारियों की बैठक नए बस अड्डा परिसर स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मायाराम उनियाल ने की। मंच संचालन डिपो प्रधाान नरेंद्र पांचाल व डिपो सचिव रणजीत करोड़ा ने किया। बैठक में उप प्रधान संदीप कुमार, जितेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, सह सचिव भोपाल सिंह, चैयरमैन अश्वनी कुमार, ऑडिटर हरिओम सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधान नरेंद्र पांचाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून जिसमें चालक को 7 लाख जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान है जो हिंदुस्तान की जनता पर थोप दिया गया है। यह कानून 7 जनवरी को लागू हो जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कानून के विरोध में सभी रोडवेज कर्मचारी सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक अपनी ड्यूटी छोड़कर डिपो परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। रोडवेज कर्मियों का कहना है कि इस काले कानून को रद्द करवाना है क्योंकि चालक अकेला बस या ट्रक का नहीं होता है। वह कार का भी चालाक है, मोटरसाइकिल का भी चालक है यह कानून सभी के खिलाफ है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि एक बार फिर एकता का परिचय देते हुए इस काले कानून के खिलाफ धरना प्रदर्शन में हिस्सा ले।

- रोडवेज कर्मचारियों की बैठक में लिया निर्णय



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद रोडवेज कर्मचारी।

## खबर संक्षेप



### सर्दी से बचाव को जरूरत मंदों को बांटे कंबल

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कॉलेज ऑफ हार्टिकल्चर अंजनथली नीलोखेड़ी की एनएसएस ईकाई द्वारा कुलपति सुधीर राजपाल के निर्देशानुसार नव वर्ष के उपलक्ष्य पर नीलोखेड़ी सहित महाविद्यालय प्रांगण में जरुरतमंदों को कंबल वितरण किए। कंबल वितरण कार्यक्रम में एनएसएस ईकाई के स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।



### साइंटिफिक तरीके से जांच करें पुलिसः डीसी

**करनाल।** डीसी अनीश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए पुलिस आपराधिक मामलों की साइंटिफिक तरीके से जांच करें। चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजना पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए।

### 5 को सुनी जाएंगी बिजली उपभोक्ताओं की शिकायते


**करनाल।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला की अध्यक्षता में राजीव गांधी विद्युत सदन सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रेंस हाल में 5 जनवरी को सुबह 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिजली संबन्धी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरान्त भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी सभी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

### हर गांव में मौके पर हो रहे हैं सेंकड़ो लोगों के काम: कल्याण

# कुलवेहड़ी और छपरा खेड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों को योजनाएं बताईं

पिछली सरकारों मे सरकारी नौकरियो के लिए सताधारी नेताओं के बच्चों ओर रिस्तेदारो के नाम ओर पद पहले से तय हो जाते थे - कल्याण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गांव कुलवेहड़ी और छपरा खेड़ा पहुंची। विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर श्री कल्याण ने कहा कि इस यात्रा का ग्रामीणों को पूरा फायदा मिल रहा है। हर गांव में औसतन सेंकड़ो से अधिक लोगों के काम मौके पर हो रहे हैं। ग्रामीणों से कहा कि उनके गांव में पहुंची मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का फायदा उठाएं। कुलवेहड़ी में सरपंच अमृत बाला ने छपरा खेड़ा में सुदेश रानी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कुलवेहड़ी में यात्रा के कोऑर्डिनेटर सुनील गोयल ने और छपरा खेड़ा में प्रवीण लाठर ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। लोक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। विधायक हरविंद्र कल्याण ने यात्रा के उद्देश्यों के साथ-साथ दयालु योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक समय ऐसा था जब सिफारिश अथवा अंदाजे से बीपीएल कार्ड बनाये जाते थे। सत्ता परिवर्तन के बाद अनेक लोग उनके पास आए और बताया कि कोठी वालों के तो बीपीएल कार्ड बना दिए गए लेकिन असली गरीब छूट गए। उन्होंने तथा कुछ अन्य विधायकों ने यह बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। सीएम ने समस्या के समाधान के लिए परिवार पहचान पत्र की शुरुआत की। पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार नए बीपीएल कार्ड बने हैं। इनमें से जिन परिवारों के मकान कच्चे, कड़ियों वाले अथवा खस्ताहाल हैं उन्हें अगले तीन-चार साल में सरकार नए मकान उपलब्ध कराएगी। आज सरकार ने बीपीएल कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू की है। बीपीएल कार्ड धारकों से अपील की कि वे अपने आयुष्मान कार्ड भी बनवा लें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हरियाणा में बीपीएल परिवारों की बेटियों की कालेजों में पूरी फीस सरकार वहन करेगी।

#### बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा की गारंटी पीएम मोदी कीः विधायक

जिन परिवारों की आय 1.80 से 3 लाख है उनकी बेटियों को आधी फीस देनी होगी। उन्होंने बताया कि हलके में 12 स्कूलों के नए भवन मंजूर किए गए हैं। अगले साल 15 और स्कूल भवन मंजूर कराए जाएंगे। बुढ़ापा पेंशन 3 हजार रुपए की गई है। विधायक कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को अपने पैरों पर खड़ा करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी कहा है कि प्रदेश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन के मुकाबले फसलों के भाव भाजपा राज में डेढ से 3 गुना तक बढ़े हैं। पहले केवल दो फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती थीं आज 14 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। कल्याण ने झूठे नारे देकर बरगलाने वालों से सावधान रहने को कहा। पेंशन बनाई-कुलवेहड़ी में ओम प्रकाश, शिक्षा देवी और बलबीरी और छपरा खेड़ा में सरबती की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। उज्ज्वला के तहत गैस कनेक्शन- कुलवेहड़ी में उज्ज्वला योजना के तहत प्रेमो देवी और छपरा खेड़ा में सीमा को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया। बीपीएल कार्ड बनाए- कुलवेहड़ी में पूरण सिंह, कमला, संजय कुमार, अंगूरी देवी और महेंद्र सिंह तथा छपरा खेड़ा में कैलाशी देवी का बीपीएल कार्ड और 13 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए छात्राएं सम्मानित- कुलवेहड़ी में श्री कल्याण ने छात्रा कनिका,

#### ये रहे मौजूद

कुलवेहड़ी में एडीसी डॉक्टर वैशाली शर्मा, बीडीपीओ आस्था गर्ग, यात्रा के कोऑर्डिनेटर सुनील गोयल, ईलम सिंह, जोगिंदर राणा, रमेश कम्बोज, सुभाष बंजारा, सतबीर गोस्वामी, संजय खैन्ची और छपरा खेड़ा सरपंच सुल्तान सिंह, वाईस चेयरमैन धीरज, अर्जुन शर्मा, रमेश कश्यप, सुभाष गौतम, देवेंद्र शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने साइबर अपराध को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन द्वारा समय-समय पर थाना, चौंकियों के अनुसंधान अधिकारियों के साथ बैठक की जाती रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुसंधान अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए जाते रहे है। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में थाना साइबर के सभी अनुसंधान अधिकारियों के साथ बैठक की। थाना में लंबित पड़े मुकदमों का कारण जाना गया और कारणों को जानकर उन मुकदमों को जल्दी निपटाने के दिशा निर्देश दिए। अधीक्षक ने थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को प्राप्त कर उनको तुरंत अनुसंधान अधिकारी को मार्क करने और उनको निर्धारित समय में निपटाने के भी निर्देश दिए। अधीक्षक ने थाने की समस्याओं को भी सुनकर उनका समाधान किया। इस अवसर पर डीएसपी महिला सुरक्षा नायाब सिंह, प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक करनाल एसआई सतपाल और थाना साइबर के सभी अनुसंधान अधिकारी और स्टॉफ मौजूद रहा।

## एसडीओ सब अर्बन के खिलाफ धरना 8वें दिन समाप्त

- धरने की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान कमलजीत ने की व संचालन सचिव महाबीर ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की सब अर्बन सब यूनिट करनाल का एसडीओ सब अर्बन के खिलाफ धरना आठवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान कमलजीत ने की व संचालन सचिव महाबीर ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह, राज्य सचिव सतीश मान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने कहा कि अधीक्षक अभियंता करनाल व कार्यकारी अभियंता शहरी मंडल करनाल ने मध्यस्था करते हुए यूनियन के साथ मीटिंग की। मीटिंग सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। लगभग सभी मांगों पर सहमति बन गई है। यूनियन सचिव रमेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से बहाल करके वापस माडल टाउन सब डिवीजन में लगाया गया और अन्य मांगों को अतिशीघ्र पूरा करने की सहमति बनी है। यूनिट प्रधान अजीत सैनी ने कहा कि उच्च अधिकारियों ने मध्यस्था करके कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करवाया, इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। मीटिंग में एनपी सिंह, सतीश मान, राजेंद्र राणा, रविंद्र मान, सुशील गुर्जर, सेवा राम, मुकेश जांगड़ा, ओमप्रकाश सिहमार, विजय शर्मा, अनिल सैनी, जोगिंद्र, मोंराम, दलबीर, प्रीति, सोनम, तुलिका, सीमा, रतन सैनी, अमित, रोहित पुनिया, रजत, साहिल, अमित, पवन, संजीव, संजीव आनंद, राकेश संधू, पवन, अव्वल सिंह, जसवंत, वीरभान, संदीप, यश, अनिल, सोमबीर, सतीश, विक्रम, समे सिंह, सुनील पोसवाल, वरूण शर्मा, राजेश, तेजपाल, राजबीर, सुनील, संदीप व अमित आदि मौजूद रहे।

#### ऐसे बनीं सहमति

मीटिंग सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। लगभग सभी मांगों पर सहमति बन गई है। यूनियन सचिव रमेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से बहाल करके वापस माडल टाउन सब डिवीजन में लगाया गया और अन्य मांगों को अतिशीघ्र पूरा करने की सहमति बनी है। यूनिट प्रधान अजीत सैनी ने कहा कि उच्च अधिकारियों ने मध्यस्था करके कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करवाया, इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

## सर्दी से बचाव के लिए योग अवश्य करें: डॉ अमित

- सर्दी के मौसम में खान-पान पर ध्यान रखनें के साथ योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक कनिका पब्लिक स्कूल करनाल में लगाया जा रहा है। भारत स्वाभिमान न्यास करनाल के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ करके किया गया उन्होंने बताया कि स्वामी रामदेव जी के विश्व स्वास्थ्य मिशन को लेकर जिला करनाल में लगातार आयुष विभाग के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल जी के सहयोग से सहयोग शिक्षक शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि लोग निरोगी रहें और सुखी जीवन जी सकें। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित पुंज ने बताया कि पतंजलि योग समिति के साथ संयुक्त तत्वाधान में इस तरह के शिविर जिला करनाल के गाँव दाहा में, इंद्री, नि:सिंग, सेक्टर 7 करनाल, सेक्टर 13, गुज्जर धर्मशाला सेक्टर 4 करनाल, मंगलपुर कॉलोनी करनाल आदि में लगाये जा चुके हैं। डॉ अमित ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले योग साधकों को अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम करवाया।

## सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे डीएससी की लड़ाई

- कहा : एससी-ए वर्गीकरण की बहाली के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखे प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** बैठक करते हुए देवीदास वाल्मीक व अन्य प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

डीएससी आरक्षण की लड़ाई को सडक़ से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लडऩे के लिए डीएससी समाज ने कमर कस ली है। हरियाणा सरकार को जनवरी में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एससी -ए वर्गीकरण के मामले में अपना पक्ष रखना चाहिए उक्त बात प्रदेश में डीएससी आरक्षण को शिक्षा की तरह सरकारी नौकरियों में लागू करने की मांग को लेकर चल रहे वंचित अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की मांग के मुखिया देवीदास वाल्मीक ने करनाल में आयोजित वंचित अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधियों की बैठक में कही। देवीदास वाल्मीकि ने कहा कि डीएससी हमारा हक है, जिसे सरकार को शिक्षा में दाखिलों की तरह हरियाणा की सरकारी नौकरियों में भी जल्द से जल्द लागू करना चाहिए , उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियों के रिजर्वेशन का लाभ एक जाति को मिलने के कारण वंचित अनुसूचित जातियों को आज तक भी अनुसूचित जातियों के आरक्षण का उतना लाभ नहीं मिला है, जितना मिलना चाहिए था, उन्होंने कहा कि दाखिलों में डीएससी रिजर्वेशन को लागू करने से वंचित अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हुआ है। लेकिन नौकरियों में न लागू होने से इन जातियों की स्थिति बहुत ही दयनीय है, अगर डीएससी रिजर्वेशन का लाभ नौकरियों में मिलता है, तो वंचित अनुसूचित जातियों के घरों में उजाला होगा, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, आर्थिक हालात सुधरेंगे। जिससे उनके परिवार का जीवन बेहतर होगा। प्रदेश के कोने- कोने में डीएससी को लागू करने की मुहिम चली हुई। जिसका वायदा प्रदेश की सरकार ने अपने घोषणापत्र में भी किया था, आज वही वायदा पुरा करने का समय आ चुका है। सरकार को अपना वायदा पूरा करना चाहिए, उन्होंने प्रदेश में डीएससी समाज को आने वाले समय में बहुत बड़े मंच पर एकत्रित कर आगे का रुख करने की बात कही। बैठक में जेके बागड़ी, प्रो. सुशील, बालक राम सांसी, प्रोफेसर विजय, अजय डूम, श्याम लाल बागड़ी, वाल्मीकि अंबेडकर अम्प्लायज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुभाष कागड़ा , जिले सिंह सांसी आदि मौजूद रहे।

## करनाल में वंदेभारत ट्रेन का स्टोपेज नहीं देना घोर अन्याय

- करनाल के विधायक और सांसद करनाल के हितों की रक्षा करने में विफल : त्रिलोचन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



त्रिलोचन सिंह

एक बार फिर करनाल जिले के लोग ठगे से रह गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल का जिला वंदे भारत ट्रेन की सुविधा से बंचित रह गया हैं। करनाल के लोगों के हित सुरक्षित रखने में करनाल के सासंद संजय भाटिया विफल रहे हैं। करनाल जिला कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा है कि करनाल के साथ केंद्र और राज्य सरकार सौतेला व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वही जल्द ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देंगे। करनाल में वंदे भारत का स्टोपेज दिया जाए। सासंद संजय भाटिया और विधायक मनोहर लाल करनाल के हितों को सुरक्षित रखने में विफल रहे हैं। करनाल स्टेशन पर ना तो लिफ्ट लगाई गई ना ही एक्सलेटर सीढ़ी लगाई गई हैं। जब कि सोनीपत और पानीपत स्टेशन पर इस तरह की सुविधाएं हैं। उन्होंने बताया कि अमृतसार और वैष्णों देवी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव कुरुक्षेत्र दिया गया हैं। जब कि करनाल से सबसे अधिक लोग वैष्णों देवी और अमृतसार जाते हैं।

## युवाओं को दी अहम जिम्मेदारी

- युवा इनेलो की करनाल जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



युवा इनेलो करनाल जिला कार्यकारिणी गठित कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर सिंह राणा से विचार विमर्श के बाद युवा इनेलो के जिला प्रधान एडवोकेट मनिंद्र सिंह पुनिया ने पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि लाला कृष्ण नरवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मिलन, जसबीर, कुलदीप कैमला, सुरेंद्र मंढाण व सुखबीर राणा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। धर्मबीर सिंह नरवाल को प्रधान महासचिव, परमजीत कश्यप, राजेश कुमार, जसबीर, अजय शर्मा, आनंद, नीरज गोली व विक्रम को महासचिव बनाया गया है। सचिव की जिम्मेवारी विशाल मान, दिनेश, करण वाल्मीकि, मुकेश ऐबला, कर्मबीर मान, कृष्ण मान, सतीश चौहान, सुमित दताना, संदीप, नवीन जमालपुर व नीटू कालरी को सचिव बनाय गया है। इसी प्रकार अरूण नरूखेड़ी को संगठन सचिव, कुलदीप पोल को प्रचार सचिव, राहुल को कार्यालय सचिव व मुकेश सिंगला को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मनिंद्र सिंह पुनिया ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल के प्रति समर्पित होकर सक्रिय रूप से कार्य करने वाले युवाओं को पदाधिकारी बनाया गया है। इस वर्ष होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में युवा बड़ी भूमिका अदा करेंगे।

### हरियाणा राज्य युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

## विज्ञान के माध्यम से मोटे अनाज उत्पादन में सुधार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



**करनाल।** कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक प्रो . रंजन गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

महाराणा प्रताप उद्यान वि.वि. करनाल के बागवानी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कुलपति सुधीर राजपाल के कुशल नेतृत्व में छात्र कल्याण निदेशक (डीएसडब्ल्यू) प्रो. रंजन गुप्ता के मार्गदर्शन में पंचकुला में आयोजित हरियाणा राज्य युवा महोत्सव में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज में स्वागत करने के लिए मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को हर प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए, इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है, विद्यार्थियों का आत्म विश्वास बढ़ता है। एमएचयू के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश में एमएचयू का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आगे भी हर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन अपनी छाप छोड़ते रहे। विश्वविद्यालय की भागीदारी का एक मुख्य आकर्षण कुकरी प्रतियोगिता में था, जिसका विषय था श्विज्ञान के माध्यम से मोटे अनाज उत्पादन में सुधार। छात्रों ने अपने पाक कौशल का प्रदर्शन किया, वैज्ञानिक ज्ञान को पाक कलात्मकता के साथ मिश्रित किया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित तीसरा पुरस्कार मिला। समूह का नेतृत्व कनिष्का ने किया, जिन्होंने टीम लीडर के रूप में काम किया। ज्योति, प्रियांशी, चेस्टा और अरविंद ने सामूहिक रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके अलावा, एमएचयू का प्रतिनिधित्व करने वाले नरुल ने एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में अपनी वाक्पटुता और ज्ञान का प्रदर्शन करने के अवसर का लाभ उठाया और सार्वजनिक मंच पर विश्वविद्यालय की बौद्धिक शक्ति का प्रदर्शन किया। छात्र भागीदारी के निर्बाध समन्वय और सुविधा का श्रेय डॉ. उमा प्रजापति के प्रयासों को दिया गया, जिससे पूरे आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व और सफल भागीदारी सुनिश्चित हुई। छात्रों की उपलब्धियां न केवल उनके समर्पण और दक्षता को दर्शाती हैं, बल्कि समग्र शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती हैं।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल में पौधरोपण कर बच्चों को प्रेरित किया

**पानीपत।** गांव शौंदापुर स्थित एसएसबीटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नववर्ष के उपलक्ष्य पर स्कूल संचालक वीरेंद्र सैनी, प्रधानाचार्या डॉ.आशा सैनी ने पौधरोपण कर नए साल की शुरुआत करते हुए बच्चों को पौधे लगाने का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पेड़-पौधों की कमी से होने वाली परेशानी सभी को भारी पड़ेगा।

### नए वर्ष की सबको शुभकामनाएं दी

**पानीपत।** सेक्टर 25 स्थित रघुनाथ मंदिर में मंदिर के प्रधान रमेश माटा और ब्रह्मा कुमारीज संस्था, सद्भावना सोसाइटी ,महर्षि दयानंद समिति, श्री कृष्णा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नए वर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी संस्था से बीके अंजना सेक्टर 25 सेवा केंद्र की संचालिका ने नए वर्ष की सबको शुभकामनाएं दी। अंजना बहन ने कहा कि 2024 को हम खास बनाएंगे और अपने जीवन में खुशबहार फूलों को लगाएंगे खुद भी खुश रहेंगे।

### राजा वीर विक्रमादित्य सांग का होगा मंचन

**पानीपत।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व ऑन थिएटर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 3 जनवरी को आर्य पीजी कॉलेज के ओपी सिंगला सभागार में राजा वीर विक्रमादित्य सांग का मंचन किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि राजा वीर विक्रमादित्य का ये सांग हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी पंडित मांगे राम द्वारा बनाया गया है।

### सीटू ने ट्रक चालकों का किया समर्थन

**पानीपत।** सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने संयुक्त ब्यान में कहा कि अभी हाल ही में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में पारित कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 में संशोधन किया है। इसके चलते हिट एंड रन मामले में दोषी ड्राइवर को 7 लाख जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इस मामले में दुर्घटना घटने के बाद ड्राइवर की भूमिका को लेकर भी कानून में संशोधन किए गए हैं। जिसे लेकर ड्राइवरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### ड्रेन किनारे टूटी ग्रिलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पानीपत।** नवा कोट गुरुद्वारा से एसडी विद्या मंदिर तक ड्रेन के किनारे लगी ग्रिल को ठीक करवाने को लेकर आज हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग सुरेश सैनी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है कि नवाकोट गुरुद्वारे से एसडी विद्या मंदिर स्कूल तक सुबह काफी संख्या में बच्चे स्कूल जाते हैं। इसके अलावा महिलाएं और बड़े बुजुर्ग भी उसी रास्ते से बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं।

### कार्यकर्ताओं के साथ की चुनाव पर चर्चा

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर सिंह मलिक आज अपने पानीपत ग्रामीण के पदाधिकारियों के साथ नव वर्ष की पार्टी की। वहीं नए साल की पार्टी में सुखबीर मलिक ने आने वाले चुनाव को जीतने की प्रक्रिया को लेकर कार्यकर्ताओं से बारीकी से चर्चा की।

### भारत संकल्प यात्रा के स्टाल का लाभ उठाए जनता

**समालखा।** भाजपा पंचायती राज के सहसंयोजक सुभाष कुहाड़ ने मंगलवार को गांव जौरासी खास में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने आमजन के जीवन को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। विभिन्न विभागों की ओर से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में जितनी भी स्टॉल लगाई जाती है।

---

#### विजय जैन ने बच्चों व अभिभावकों को नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

# विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें शिक्षक : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मेरी मॉर्डन स्कूल में पार्षद विजय जैन को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

ग्रामीण हलके के भाजपा पार्षद एवं उद्योगपति विजय जैन ने आज सैनी कॉलोनी वार्ड नंबर 25 स्थित मेरी मॉडर्न स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर स्कूल संचालकों बच्चों और उनके अभिभावकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। स्कूल संचालकों व अध्यापकों ने विजय जैन का फूल मालाओं और बुके देकर स्वागत किया। विजय जैन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्हीं बच्चों में से बड़े होकर के कोई आईएएस और आईपीएस बनेगा तो कोई इंजीनियर,डॉक्टर और देश का प्रधानमंत्री बनेंगे। जैन ने कहा मेरी सभी बच्चों के अभिभावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर देश का सर्वोच्च नागरिक बनाएं। इन्हीं बच्चों के भविष्य में देश का भविष्य सुरक्षित है। वहीं उन्होंने स्कूल संचालकों व शिक्षकों से अपील की कि वह बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ अपने सनातनी संस्कार से भी परिचित कराएं। शिक्षा के साथ संस्कार भी देश के विकास के लिए आवश्यक हैं। स्कूल के महाप्रबंधक राजपाल शर्मा ने कहा कि विजय जैन का नाम समाज सेवा में दूर-दूर तक लिया जाता है। यह हर वक्त गरीब व बेसहारा लोगों की सेवा करने में तत्पर रहते हैं। ऐसा कभी नहीं सुना की कोई उनके पास से निराश लौटा हो। ऐसे व्यक्ति का ग्रामीण हल्के की राजनीति में आना हलके की जनता के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर पूजा, सीमा, भारती, सचिन जैन, बिजेंदर राणा, अभिषेक राणा, अनुराग, अनूप राणा, अतुल, सुधीर राणा, सुनील दत्त, ब्राम्हण सभा के पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा ,कृष्ण शर्मा,कृष्ण पांचाल, कुशल पाल राणा, रवद्रिं शर्मा, राजेश राणा, बृजेश राणा, सचिन राणा, राज कपूर व मोंटी राणा आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं के लिए शुरू करवाई बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। काजल दहिया से मिलकर उनका धन्यवाद करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला कालेज मतलौडा में बंद की गई सभी बसों को दोबारा कालेज खुलते ही छात्र संगठन इनसो द्वारा शुरू करवा दिया गया है। जिससे छात्राओं में खुशी की लहर है। इन बसों के चलने पर छात्राओं ने इनसो छात्र नेत्री काजल दहिया का धन्यवाद किया है। राजकीय महिला कालेज मतलौडा की छात्राओं मिनाक्षी, ज्योती, शालानी ने बताया की हमारी बंद पड़ी बसों के लिए छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन लगातार बसों को शुरू करवाने के लिए संघर्ष करता रहा है और जब भी बसें बंद होती हैं तो इनसो ही बसों के लिए रोडवेज विभाग के अधिकारियों से मिलकर बसें शुरू करवाती है। इनसो नेत्री काजल दहिया ने बताया की कालेज में छात्राओं को किसी भी गांव से कॉलेज आने जाने में हो रही बसों की समस्या को इनसो नहीं रहने देगी। इस अवसर पर सुनिधी सिंह, कशीश, शीतल, अंजली अग्रवाल, मुकेश शर्मा, रिया तंवर व मुस्कान पांचाल आदि छात्राएं मौजूद थी।

# समाजसेवा संगठन ने बांटे 500 गर्म सूट व शालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



समाज सेवा संगठन की ओर से आज देशराज कॉलोनी में रहने वाले बुजुर्गों, औरतों व बच्चों को गर्म जैकेट व शाल वितरण की गई। मुख्य अथिति अभय जैन ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि समाज सेवा संगठन ठंड के मौसम में जरूरत मंद को गर्म कपड़े व शाल वितरण कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको ऐसे संगठन का यथा संभव सहयोग करना चाहिए ताकि समाजसेवा के यह कार्य निरंतर जारी रह सकें। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत आज यहां पर 500 गर्म सूट व शाल वितरित की गई। प्रवीण जैन ने कहा कि हम सबका फर्ज बनता है ऊपर वाले ने हमें जो दिया है उसमें से कुछ अंश निकाल कर जरूरतमंद की सेवा में लगाएं। शास्त्रों में भी वर्णन है इस धरा का इस धरा पर सब धरा का धरा रह जायेगा न कुछ साथ आया है न साथ जाएगा। इस मौके पर प्रवीण जैन के साथ अमित जैन, प्रमोद जैन, राजेन्द्र जैन व नीरज आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सेवा से मिलती है आंतरिक संतुष्टि : राजेंद्र जागलान

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रधान विरेन्द्र आर्य तथा विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान रहे। विद्यालय के प्राचार्य मनीश घनगस व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि विरेन्द्र आर्य तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जागलान का पुष्पकुंज देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विरेन्द्र आर्य ने कहा कि मानवता की सेवा ही वास्तव में ईश्वर की सेवा है। मानवता का आशय मानव मात्र के प्रति सेवाभाव, सदाचारी व्यवहार और सभी जीवों के प्रति दयाभाव रखना है। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जागलान ने कहा कि इस धरती पर सबसे खुश ईंसान वह है जो मानवता की सेवा करता है।

# संकल्प रैली का देवेंद्र कादियान ने दिया न्यौता

■ चाबी के बिना सत्ता का ताला नहीं खुल सकता : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। ग्रामीणों को रैली का न्यौता देते हुए जजपा नेता देवेन्द्र कादियान ।

जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का के गांव मोहाली,नंगला आर-पार, धनसौली, कुराड़,झांबा, सनौली खुर्द,नवादा आर-पार, तामसाबाद, पत्थर गढ़, जलालपुर 2, गढ़ी बेसक और राणा माजरा में घरौंडा अनाज मंडी में 7 जनवरी को होने वाली नव संकल्प रैली का न्यौता दिया। ग्रामीणों को उन्होंने सभी को रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली जेजेपी की सभी लोकसभाओं में हुई रैलियों से सबसे बड़ी रैली होगी। रैली में मुख्य अतिथि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अजय सिंह चौटाला व हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंच रहे हैं। आप सभी रैली में पहुंच कर उनके विचार सुने और जेजेपी पार्टी के हाथ मजबूत करने का काम करें। देवेंद्र कादियान ने कहा की आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का है। चाबी के बिना सत्ता का ताला नहीं खुल सकता। समालखा हल्का में भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 25 करोड़ से नई सड़क बनवाने का काम किया है और दोबारा से नई सड़कों के टेंडर लगाए गए हैं। वहीं हल्का प्रधान बलराज मछरोली ने कहा की समालखा हल्का में देवेंद्र कादियान के आने से जेजेपी पार्टी मजबूत हुई है। वह हल्के के लोगों से निरंतर संपर्क में रहते हैं। उनके दुःख सुख में जाते हैं साथ ही लोगों की समस्याओं का निवारण करते हैं। इस मौके पर हल्का प्रधान बलराज मछरोली,पूर्व हल्का प्रधान बिजेंद्र करहंस,युवा हल्का प्रधान बिजेंद्र फोर, राजबीर प्रजापत,विकी डाडोला, पार्षद मनीष बेनीवाल, जोगद्रिं सबरवाल,योगेश त्यागी, अब्बास अधमी, कृष्ण छज्जूगढ़ी, रिंकू रावल, सोनू जलमाना व अमित डिकाडला मौजूद रहे।

# आकाश मलिक को नवाजा नैशनल रेफरी अवार्ड से

**पानीपत।** ब्लाक इसराना के गांव बुआना लाखू के आकाश मलिक को सोनीपत में आयोजित खेल प्रतियोगिता में नेशनल रेफरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसको लेकर खेल जगत में और ग्रामीणों में खुशी का मौहल देखा जा सकता है। उल्लेखनीय यह है कि सोनीपत के ऋषिकुल विधापीठ में रेफरिशिप कोर्स में गांव बुआना लाखू के आकाश के साथ-साथ सैकड़ों कुश्ती कोचों ने भाग लिया। जिसमें आकाश मलिक को भी चुना गया। उन्होंने बताया कि नेशनल चैंपियनशिप के दौरान अच्छे जज की भूमिका निभाई ओर उसको नैशनल रेफरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें कि छोटी.सी उम्र में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था । उसकी मां जसवंती देवी ने आकाश की खेलों में रुचि को देखते हुए आखाड़ा ओर मुक्केबाजी रिंग में ऊतार दिया। इस अवसर पर कुश्ती कोच नरेन्द्र मलिक, सुरेन्द्र मलिक, राजेश कुमार प्रजापति, राजकपूर सिंह, मोहित मलिक, वेद वशष्ठि, अजमेर सिंह व बाल पहलवान आदि मौजूद रहे।



# पीएम विश्वकर्मा योजना से गरीब आदमी को मिलेगा स्वाभिलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



बैठक में भाग लेते भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा व अन्य ।

पीएम वश्विकर्मा सम्मान योजना लागू कर प्रधानमंत्री मोदी ने अंतोदय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया है। प्रधान मोदी की सोच है की गरीब से गरीब आदमी को सक्षम बनाया जाए। उसी दिशा में एक कदम है पीएम विश्वकर्मा सम्मान योजना। इसका अधिक से अधिक पात्र लोग लाभ उठा सकें इसलिए घर-घर जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जाए। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने अपने सनौली रोड स्थित कार्यालय पर समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक के दौरान कही। गजेंद्र सलूजा ने कहा की पीएम विश्वकर्मा योजना से गरीब आदमी को स्वाभिलंबन मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से संपूर्ण वाल्मीकि समाज उद्धार समिति प्रदेश अध्यक्ष रोशन बिदलान, भाजपा जिलामीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, सरपंच अदियाना प्रवीण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अर्जुन शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




अर्जुन अकेडमी के पदक विजेता शूटर मेडल दिखाते हुए ।

अर्जुन शूटिंग अकेडमी के शूटरों ने एक बार फिर से स्कूल नेशनल गेम्स में मेडल जीते हैं। 10 मीटर एयर पस्टिल में हरियाणा स्टेट की ओर से अयान शर्मा और आयुष सैनी ने मेडल जीत कर इटंनेशनल गेम में अपना स्थान पक्का कर लिया है। इससे पूर्व दोनों स्टेट लेवर पर सिल्वर और ब्रांच मेडल जीत चुके हैं। अकेडमी के कोच बलराज धीमान ने बताया कि इस साल नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन भोपाल में किया गया था। जिसमें हमारी अकादमी के दो शूटरों ने भाग लिया था। दोनों ही शूटरों अयान शर्मा ने गोल्ड मेडल और आयुष सैनी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर एकेडमी एवं पानीपत जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। वहीं दोनों शूटरों का आज अकेडमी में पहुंचने पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में एकेडमी कोच ममता, प्रधान यशपाल धीमान शामिल रहे। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वह मेहनत करके इटंनेशनल गेम्स में भी मेडल जीतकर एकेडमी एवं जिले का नाम रोशन करने का काम करें।

# जिला बार एसोसिएशन ने मनाया नववर्ष अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। बार एसोसिएशन में नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन द्वारा आज जिला न्यायालय परिसर के सभागार में नव वर्ष अभिनंदन समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजय सुरेश कुमार शर्मा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, आर के मेहता कंज्यूमर कोर्ट के प्रेसिडेंट आरसी गोदारा रहे। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान एडवोकेट ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। वहीं कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी सम्मान किया गया। अमित कादियान ने कहा कि पिछले वर्ष भी सभी वकीलों का एवं न्यायिक अधिकारियों का आपस में तालमेल मधुर रहा है। भविष्य में भी इसी प्रकार बना रहेगा। इस अवसर पर एडवोकेट सुरेंद्र भारद्वाज, राजेश शर्मा, सुनील शर्मा, करतार सिंह, पवन गर्ग, राकेश हांडा, उप प्रधान हर्ष सैनी, सचिव आशीष बंसल, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## सत्ता के लिए भाजपा लेती है झूठ का सहारा : महेंद्र कादियान



**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव ब्राह्मण माजरा और महराना में कांग्रेस नेता महेन्द्र कादियान का कांग्रेस के जनजागरण अभियान के पहुंचने पर स्वागत किया गया। वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महेन्द्र कादियान ने कहा कि सरकार सत्ता में काबिज रहने के लिए झूठ और फरेब का सहारा लेती है और फिर किए हुए अपने वादे से मुकर जाते हैं। महेंद्र कादियान ने कहा की हमारी कांग्रेस पार्टी जो वादा करेगी वो सरकार बनने पर पूरा करके दिखाएगी। इसका सबूत है कि जिस प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है वहां पर किए हुए वादों को तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि सरकार आने पर पहले की भांति 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, 300 यूनिट बिजली, 500 रुपये का गैस सिलेंडर और हर ग्रहणी को 1500 रुपये रसोई का खर्चा दिया जायगा। इस मौके पर गांव ब्राह्मण माजरा के जय भगवान, प्रवीण, मनीष रोहिला, राममहेर शर्मा व महराना के काकू , बलकार, कान्ता, सतबीर, चरण सिंह ,पालवीन्द्र व सतीश कश्यप मौजूद रहे।

## गांव से 3 किलोमीटर दूर डेरों को दी जाएगी बिजली सप्लाई : कृष्ण लाल

*पानीपत । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव धर्मगढ़ व रेरकलां में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए कहा कि अगर स्वस्थ विभाग का कोई अधिकारी या किसी अस्पताल का डॉक्टर जिन उपभोक्ताओं का आयुष कार्ड बना है उनसे इलाज का पैसा लेता है तो उसके विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जाएगी। 500 के करीब ऐसी दवाई है जो मुफ्त मिलती हैं। 300 के करीब उपकरण सरकार द्वारा दिए जाते है। कृष्णलाल पंवार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग डेरा बनाकर खेतों में रहते हैं व 3 किलोमीटर के दायरे में हैं उन्हें गांव से बिजली की सप्लाई दी जाएगी। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी,बीडीपीओ सुरेंद्र, रंजीता कौशिक, सरपंच हरदीप सिंह रैरकला, सरपंच रविंद्र धर्मगढ़ के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*

**कार्यक्रम** नए साल पर आमजन की सुख समृद्धि के लिए हवन का आयोजन

# नए साल से कांग्रेस का एक बूथ 10 यूथ अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। हवन यज्ञ में भाग लेते कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार व अन्य।

नए साल पर आमजन की सुख समृद्धि व नए अभियान के शुरू करने से पहले हवन का आयोजन देशराज कॉलोनी भावना चौक स्थित कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार के निवास पर किया गया। महीपाल सूबेदार ने बताया कि 1 जनवरी से तीसरे अभियान की शुरुआत की गई है। जिसे पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में एक बूथ 10 यूथ जोड़ो अभियान का नाम दिया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में कांग्रेस पार्टी व पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। सूबेदार ने बताया कि हमने संकल्प लिया है कि कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी के नाम को व चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम को घर-घर तक जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। और इससे पहले भी वह व उनकी टीम दो अभियान चला चुकी है। पहले अभियान में आओ चले गांव की ओर कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 41 दिन का 5 जून से 16 जुलाई तक रहा। दूसरा अभियान ग्रामीण की कॉलोनी में महीपाल सूबेदार आपके द्वार 91 दिन का 5 सितंबर से 6 दिसंबर तक रहा। अब तीसरा अभियान नए साल 1 जनवरी से शुरू किया है। जिसे लेकर कॉलोनियों के युवाओं में भारी उत्साह है। इस मौके पर सूबेदार प्रताप सिंह, विशंभर गुर्जर, चंद्र श्याम शर्मा, शमशेर वाल्मीकि, रामकुमार कोरी, बलवान शर्मा, सूबेदार जीत प्रजापत, मनीष धीमान, टिंकू जोगी, नंद शर्मा, रिंकू रोहल्लि, रवद्रिं कश्यप, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अजीत हुड्डा, मा. ईश्वर,प्रकाश दुबे, सुखा सिंह, दलेर विडान, तेलू राम गर्ग, मंजू देवी, पूजा देवी, सुधीर शर्मा व सुमित रमना आदि मौजूद रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार कम- सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

सतीश कुमार पुत्र श्री गुरूमुख दास निवासी मकान नम्बर 450, 70 प्रकाश नगर, तहसील कैम्प, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सतीश कुमार पुत्र श्री गुरुमुख दास निवासी मकान नम्बर 450, 70 प्रकाश नगर तहसील कैम्प, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री गुरूमुख दास पुत्र श्री पोखर दास की मृत्यु दिनांक 08/05/1985 को हो चुकी है इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारित/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा अंजलि शर्मा नगर निगम पार्षद वार्ड 3 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

**1. सतीश कुमार (पुत्र) 2. सुमन आनन्द (पुत्री) 3. कविता रानी (पुत्री) 4. अंजू (पुत्री) कुल (4) जायज वारिस हैं।**

इनके अलावा मृतक श्री गुरुमुख दास का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-**
**सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार कम- सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

मनीषा पुत्री श्री सुरजन निवासी गांव बबैल तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मनीषा पुत्री श्री सुरजन निवासी गांव बबैल तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रुप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्रीमति सतवंती पत्नी श्री सुरजन की मृत्यु दिनांक 04.04.2021 को मृत्यु हो चुकी है। मृतक स्व. श्रीमति सतवंती पत्नी श्री सुरजन की मृत्यु के देहान्त के बाद निम्नलिखित निम्न वारिस/उत्तराधिकारी है:-

**1. सतीश (पुत्र) 2. मनीष (पुत्री) 3. सोनिया (पुत्री) 4. मीतू (पुत्री) 5. काजल (पुत्री) 6. सपना (पुत्री) 7. कविता (पुत्री) ही जायज वारिस हैं इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। गांव के नम्बरदार व कुलदीप भटनागर पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई है।**

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्रीमति सतवंती पत्नी श्री सुरजन का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्रीमति सतवंती पत्नी श्री सुरजन के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-**
**सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

## खबर संक्षेप



बराड़ा। कैंप में साफ-सफाई करते हुए स्कूली बच्चे।

### स्वयंसेवकों ने की स्कूल कैंपस की सफाई की

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत स्वंयसेवकों ने योगाभ्यास से की। इसके बाद स्वंय सेवकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी गई जिसके उपरांत स्वंयसेवकों ने स्कूल कैंपस में कूड़ा कर्कट, घास आदि की सफाई की। प्रिंसिपल राजबीर सिंह व प्रवक्ता दिनेश चन्द्र ने स्वंयसेवकों को एनएसएस का महत्व समझाया। कैंप ऑफिसर कुलदीप सिंह ने छात्रों को राष्ट्रहित और हमारे कर्तव्य विषय पर संबोधित किया। इस दौरान बच्चो ने भी विचार रखे।

### योग से हुई कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत योगा से हुई। कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि एनएसएस के स्वंयसेवक विद्यार्थियों ने आफिस के पास लगे पेड़-पौधों की कटिंग की व स्कूल में बने लोन की घास की साफ-सफाई की। इसके बाद राजेश कुमार पीजीटी हिंदी ने स्वंयसेवकों को मोटिवेशनल लेक्चर दिया जिसमें उन्होंने स्वंयसेवकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन करने के लिए प्रेरित किया। सुधीर कुमार शिक्षक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### जुआ खेलने पर छह आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में छह आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने करीब नौ हजार रुपये जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी लेख राज को 1560/-रूपये आरोपी सुरेंद्र कुमार को 920/-रूपये आरोपी तेज बहादुर को 1210/-रूपये आरोपी रवि कुमार को 1220/-रूपये के साथ काबू किया। इसी तरह आरोपी संदीप को 1240/-रूपये व आरोपी रजत को 2420/-रूपये के साथ काबू किया है।

### धमकी देने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमिल गुरा उर्फ प्रिंस व संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।राजौली के रहने वाले मलकीत सिंह ने 26 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अजय कुमार व अन्य ने रास्ता रोककर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## हिट एंड रन मामला : हड़ताल से ऑटो चालकों ने भी रेट बढ़ाए, आमजन परेशान

# ट्रक चालकों की हड़ताल से बिगड़े हालात, पेट्रोल पंपों पर लगी लाइन, फल-सब्जियों के दाम बढ़े

- पंपों पर हालात बेकाबू, पुलिस ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला







अंबाला। नारायणगढ़ मंडी में जमा ट्रक चालक और हड़ताल पर उतरे प्राइवेट बस चालक। फोटो : हरिभूमि

हिट एंड रन मामले में ट्रक चालकों की हड़ताल के दूसरे दिन ही हालात बिगड़ गए। पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी होने की सूचनाओं के बाद अफरातफरी मच गई। ज्यादातर पंपों पर तेल के लिए वाहन चालकों की लंबी लाइनें लग गई।कड़ाके की ठंड में ज्यादातर वाहन चालक घंटों तेल के लिए इंतजार करते दिखे। इस दौरान वाहन चालकों में तकरार भी हुई। कई पंपों पर तो डीजल खत्म हो गया। उधर ट्रक चालकों की हड़ताल के साथ ही सब्जियों, दूध समेत जरुरत की चीजों की कमी हो गई। एक दिन में अचानक सब्जियों के रेट बढ़ गए। साथ ही ऑटो चालकों ने भी किराये में एक दम बढ़ोतरी कर दी। मंगलवार इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिला। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक प्रभावित हुई। इनकी कीमतें अचानक बढ़ गई। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुकने से भी अफरातफरी का माहौल बन गया। हड़ताल के कारण हालात और ज्यादा बिगड़ने की बात कही जा रही है।

### मंडी में जमा हुए चालक

नारायणगढ़। हिट एंड रन के मामले में ट्रक चालकों की दूसरे दिन भी हड़ताल रही। इस दौरान चालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चालकों ने सरकार से तुरंत ये कानून वापिस लेने की मांग की। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के सचिव अंकित की अध्यक्षता में नई अनाजमंडी में हुई आक्रोश सभा में सैंकड़ों चालक व कंडक्टर शामिल हुए। यूनियन के उप प्रधान जोनी के नेतृत्व में काला अंब में भी ड्राइवरों ने एकजुटता प्रकट करते हुए काले कानून को वापिस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उप प्रधान कामरेड रमेश नन्हेड़ा व कैशियर रमजान ने कहा कि अचानक दुर्घटना होने पर ड्राइवर पहले भी घायल व्यक्ति की मदद करते थे और अब भी करते है। उनकी किसी को चोट पहुंचाने की कोई मंशा नहीं होती। वह तो अपना व परिवार का पेट पालने के लिए नौकरी करते हैं। परंतु दुर्घटना के बाद भीड़ चालकों पर जानलेवा हमला कर देती है। ऐसे हादसों में कई ड्राइवर को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। इसलिए भागना उनकी मजबूरी बन जाती है। सरकार ने भारी भरकम सजा व जुर्माना लगाते समय ड्राइवर का कोई पक्ष नहीं सुना।सीटू जिला सचिव कामरेड सतीश सेठी ने कहा कि कानून में संशोधन करने से पहले सरकार को देश के विकास में ड्राईवर के योगदान तथा जिन विकट परिस्थितियों में वह काम करता है उनका बारीकी से अध्ययन करना चाहिए था। परंतु ऐसा करने की बजाए विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर बिना किसी चर्चा के कानून पास कर दिए गए। इन बदलावो के बाद तो कोई भी ड्राईवर का काम ही नहीं करेगा। आंदोलनरत ड्राइवरों को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी राम किशन गुज्जर व बीएसपी के नेता सुरजीत सिंह राणा ने भी समर्थन दिया। सरकार से ड्राइवर विरोधी कानूनों को रद्द करने की मांग को दोहराया।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुज्जर ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह बिना विचारे नए कानून व नियम बना आम जन के लिए मुसीबतें बढाने का कार्य कर रही है। गुज्जर मंगलवार को स्थानीय मंडी में मोटर व्हीकल एक्ट में जोड़े गए नए प्रावधानों का विरोध कर रहे वाहन चालकों के धरने को समर्थन देने के बाद मीडिया से मुखातिब हो रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने हाल ही में जो चालको को लेकर नए प्रावधान जोड़े हैं उससे केवल ट्रक चालक ही नहीं हर वह आम व खास आदमी भी प्रभावित होगा। सरकार ने बिना विचारे यह कानून बनाया है और देश की जनता को मुसीबत में डाल दिया है। इस अवसर पर बीरेंद्र सिंह सोमा, गुरविंदर सिंह बेरखेड़ी संदीप सरपंच नखडौली, मामचंद मुकंदपुर, नीरज शाहपुर, गुरमेल पजेंटो, आदि मौजूद थे।

## टीचर्स ने एलटीसी जल्द जारी करने की मांग की



बराड़ा। मीटिंग में भाग लेते हुए टीचर्स।

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन खंड प्रधान तरविंदर शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय मॉडल सीनियर संस्कृति स्कूल के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड प्रधान ने कहा कि की एलटीसी न मिलने कारण अध्यापकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जनवरी 23 की सैंक्शन एलटीसी टीचरों को अब तक नहीं मिली जबकि तब से लेकर अब तक डीए में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। लेकिन अध्यापकों को पुराने डीए सैंक्शन वाली भी एलटीसी अब तक नहीं मिली है। इसका अध्यापकों को सीधा आर्थिक नुकसान है। पदाधिकारियो ने सरकार से मांग की कि जब जिस अध्यापक की एलटीसी मंजूर होती है सरकार द्वारा उसका बजट भी दे दिया जाता है तो इस पर 20 से 25 फीसदी तक का ऑब्जेक्शन लगने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

इस अवसर पर खंड महासचिव रणवीर मलिक, सुखबीर, रितु, पलविंदर, सुरेंद्र मोहन, मोहनलाल परोचा, राखी गर्ग व गोल्डी मौजूद रहे।

## शिविर में आत्मनिर्भर भारत पर की चर्चा



**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी विद्यालय में (आत्मनिर्भर भारत) एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ यह सात दिवसीय कैंप 2 से 8 जनवरी तक चलेगा। एनएसएस की कार्यकर्ता अधिकारी अलका सैनी व टीम सदस्य नीना सूद, सोनिया, मिलनप्रीत, भाविका, विनीत और लवदीप ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) जोन डी डॉ आरआर सूरी को पुष्प गुच्छ भेंट प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात सूरी द्वारा ज्योति प्रज्वलित की गई। उन्होंने कैंप में आए बारहवीं कक्षा के छात्रों को प्रेरणादायक शुभ वचन कहे। लक्ष्य गान गाया गया व शपथ समारोह मे शपथ ग्रहण की। इस कैंप मे लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता को लेकर विद्यालय के अध्यापक विनीत व मिलनप्रीत ने भाषण दिया। छात्रों के साथ विचार सांझे किये गए। अंत मे छात्रों को रिफ्रेशमेंट दी गई।

## किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

- किसानों ने मिल की कुर्की व बकाया वेतन को लेकर सरकार को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



अंबाला। गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान।

गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो छुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं। मिल मालिक ने सरकार की नाक के नीचे एक बड़े घोटाले को अंजाम दिया। हमें पता चला है कि जिन कंपनियों को लेनदार बता कर मिल की कुर्की की जा रही है वह मिल मालिक के रिश्तेदारों या मित्र प्यारों की ही कंपनियां हैं।

### मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

हमारी सरकार से मांग है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। किसानों के गन्ने की फसल की कीमत और उसकी बिक्री की व्यवस्था सरकार करें या वैकल्पिक तौर पर जो सरकार ने मिल से पैसा लेना है सरकार इस मिल को टेकओवर कर सहकारी घोषित करें। सहकारी मिल के रूप में इसको चलाएं।संयुक्त गन्ना किसान कमेटी के प्रधान गुरविंदर सिंह जटवाड ने कहा की किसान अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। हमें दुख है कि सरकार किसानों की सुध नहीं ले रही। क्षेत्र के लोगों की है बड़ी समस्या है और सरकार को इसकी तरफ ध्यान देना चाहिए। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के उत्तरी हरियाणा के प्रभारी संजीव बख्तुआ ने कहा की लड़ाई जारी है और रहेगी। अंतिम स्तर तक लड़ेंगे अच्छा होगा कि सरकार किसानों की सुध ले। उनका बकाया जारी करने के साथ-साथ उनके पैसे की जिम्मेदारी ले। धरना स्थल पर हर रोज दो गांव की जिम्मेदारी होती है। उसी गांव से दूध आता है जिससे चाय का लंगर धरना पर लगाया जाता है। किसान 27 दिसंबर से धरने पर बैठे हैं लेकिन सरकार और प्रशासन के रवैया से खफा हैं। किसानों ने कहा कि अगर सरकार और प्रशासन ने जल्दी उनकी सुध नहीं ली तो वह बड़ा और कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे।

## वोटर लिस्ट में मिले 54787 लापता मतदाता, जांच के बाद नाम हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शेष 26451 मतदाओं को भी जांच के बाद सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू

प्रशासन की ओर से वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। ऐसी सूचना मिली थी कि लिस्ट में 50 हजार से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जोकि यहां से या तो शिफ्ट हो चुके हैं या फिर इनकी मौत हो चुकी है। ऐसे मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है जिनकी दो-दो वोट बनी हुई हैं। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि जुलाई माह में बीएलओ द्वारा सर्वे किया गया था। सर्वे में 54787 ऐसे मतदाता मिले जोकि या तो लिस्ट से गैरहाजिर हैं या फिर यहां से शिफ्ट हो चुके हैं। ऐसे मतदाताओं की संख्या भी बेहद ज्यादा हैं जिनकी मौत होने के बावजूद वे सूची में जिंदा है। रिपीट मतदाताओं की संख्या भी काफी ज्यादा है। इनमें से 28336 वोटों को जांच के बाद सूची से हटा दिया गया है। बची 26451 वोटों को जांचने का काम जा रही है। जल्द ही जांच के बाद इनको भी सूची से हटाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इस सिलसिले में डीसी की ओर से अधिकारियों को जरुरी निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों के बीएलओ की बैठक लेकर गैरहाजिर, शिफ्ट व मर चुके मतदामाओं की पहचान का काम करें। 5 जनवरी 2024 तक इस कार्य को किया जाना है। कोई भी व्यक्ति यदि अपने दावे या आपत्तियां देना चाहता है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ व चुनाव कार्यालय में दे सकता हैं। चुनाव कार्यालय से आए अधिकारी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि अक्तूबर माह 2023 से एक जनवरी 2024 तक 11754 नई वोटों को बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके साथ-साथ मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण के लिए 6645 फार्म प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने एआरओ व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। ताकि इस प्रक्रिया के बाद इसे पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। उन्होंने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के भी आदेश दिए हैं।

## गेस्ट टीचर्स की मांगें माने सरकार : मुलाना

**मुलाना।** कांग्रेस विधायक वरुण मुलाना ने यमुनानगर में अतिथि अध्यापकों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सिर्फ लाठी और गोली की भाषा जानती है। गेस्ट टीचर ही नहीं इससे पहले किसान, मजदूर, कर्मचारी, कच्चे कर्मचारी, सफाई कर्मी समेत हर वर्ग इस सरकार के अत्याचार का शिकार हो चुका है।पहले तो इस सरकार ने वादा किया था प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाएगा व बकाया वेतन का भुगतान भी किया जाएगा। सरकार बने भी 9 साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन गेस्ट टीचरों को अब तक भी नियमित होने के लिए आंदोलन करने पड़ रहे हैं। और जब ये अध्यापक अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते हैं तो यह सरकार उन पर लाठीचार्ज करके उनकी आवाज को दबाने की कौशिश करती है। एसडीओ भर्ती में 80 में से 78 बाहर के चयनित हुए। एसडीओ इलेक्ट्रिकल में 99 में से 77 बाहर के, असिस्टेंट प्रोफेसर टेक्निकल की लिस्ट में 156 में से 103 बाहर के चयनित हुए।

## पोक्सो व जेजे एक्ट के बारे में जानकारी दी



**बराड़ा।** मंगलवार को राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खंड के प्राइमरी, मिडिल, हाई व सीनियर सैंकेडरी स्कूलों के मुखियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, पोस एक्ट आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका बीआरपी वीरेंद्र सिंह , पुनीत कुमार , मधु गर्ग सहित रुचि, गौतम भट्ट, संदीप कुमार, सुनील दत्त व मीनाक्षी शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में एक्ट की धाराओं, लैंगिक यौन दुष्कर्मो व किशोरों से जुडे मुद्दों के बारे में जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

- गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्वा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है। गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रूप्ये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।